### एक नजर में

## रीपर से फसल काटकर बन रहा भूसा

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। ग्राम पचगैया विकासखंड जतारा निवासी कृषक रामप्रसाद लोधी हार्वेस्टर से गेहूं की कटाई उपरांत कृषि यंत्र स्ट्रॉ रीपर से खेत में खड़ी नरवाई, फसल अवशेष को काटकर भूसा अपने खेत एवं अपने आसपास के गांवों में बनाकर भूसा से अतिरिक्त आय प्राप्त कर रहे है। इनके द्वारा आज दिनांक तक 50 टैंक भूसा बनाकर विक्रय किया जा चुका है।**

कृषक रामप्रसाद लोधी ने बताया कि कृषि अभियांत्रिकी विभाग की ई कृषि यंत्र अनुदान योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 में नरवाई प्रबंधन कृषि यंत्र स्ट्रॉ रीपर अनुदान पर क्रय किया गया, जिसमें 150000 रूपये की अनुदान राशि प्राप्त हुई है। उन्होंने बताया इस यंत्र की मदद से वे खेतों में खड़ी नरवाई, फसल अवशेष को काटकर भूसा अपने खेत एवं अपने आसपास के गांवों में बनाकर भूसा से अतिरिक्त आय प्राप्त कर रहे है। लोधी ने बताया कि इस यंत्र की सहायता से फसल अवशेष से भूसा बना लिया जाता है, जिससे खेतों की नरवाई में आग लगाने की आवश्यकता नहीं होती और मृदा स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण होता है। जिसमें 150000 रूपये की अनुदान राशि प्राप्त हुई है।

# महावीर जयंती पर शहर के प्रमुख मार्गों से निकली भव्य शोभायात्रा

**शोभायात्रा का लोगों ने किया जगह-जगह स्वागत**

**जिले के पलेरा, जतारा, खरगापुर एवं मोहनगढ़ में मनाई जयंती**





**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। महावीर जयंती की उपलक्ष्य में एक दिन पूर्व से ही जैन समाज द्वारा पर्व को लेकर की जा रही तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया है। सोमवार को महावीर जयंती के पर्व पर दोपहर 3 बजे बाजार जैन मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई। धर्म प्रभावना समिति के अध्यक्ष नरेंद्र जैन ने बताया कि नवकार महामंत्र जैन समाज का सबसे पवित्र मंत्र है। यह मंत्र आत्म कल्याण और पाप नाश के लिए किया जाता है। इस कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में पुरुष महिलाएं और बच्चे शामिल हुए।**

जैन समाज के लोगों द्वारा मंत्र में अरिहंत सिद्ध आचार्य उपाध्याय और जगत के सभी साधुओं को नमस्कार किया जाता है। उन्होंने कहा कि यह मंत्र मानसिक तनाव दूर करता है। यह मन को शांत करने और एकाग्रता बढ़ाने में सहायक है। यह मंत्र व्यक्ति में समता का भाव जागृत करता है। साथ ही विश्व शांति की कामना करता है। यह सम्यक दर्शन सम्यक ज्ञान और सम्यक चारित्र के साथ मोक्ष मार्ग की ओर ले जाता है। नरेंद्र जैन ने बताया कि महावीर जयंती के अवसर पर सुबह से सभी जैन मंदिरों में महावीर स्वामी का अभिषेक और पूजन हुआ। दोपहर 3 बजे बाजार जैन मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई। इस यात्रा में पांच मंदिरों के भगवान विराजमान रहे। नगर भ्रमण के बाद मानस मंच पर यात्रा का समापन किया गया।

वहां विधि-विधान से भगवान का अभिषेक और पूजन हुआ। इस दौरान जैन समाज के युवा, बुजुर्ग,महिलाए एवं सैकड़ों की संख्या में पुरूषों ने बढ-चढकर भाग लिया। गुरुवार को महावीर जयंती का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। भगवान महावीर की प्रतिमा का अभिषेक और पूजन किया गया। महावीर बाल जैन मंदिर से सुबह और बाजार जैन मंदिर से दोपहर 3 बजे शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा जवाहर चौक से शुरू होकर लुकमान चौराहा, सिंधी धर्मशाला और कोतवाली रोड होते हुए गांधी चौराहे तक पहुंची। यात्रा का समापन मानस मंच पर हुआ। नंदीश्वर कॉलोनी स्थित त्रिकाल चौबीसी मंदिर में विशेष पूजा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक यादवेन्द्र सिंह बुन्देला एवं नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार पप्पू मलिक ने शोभायात्रा का स्वागत किया।

### दिव्य शोभायात्रा का स्वागत

नगर के हृदय स्थल स्टेट बैंक चौराहा पर जैन समाज द्वारा आयोजित भव्य एवं दिव्य शोभायात्रा के स्वागत का सुअवसर प्राप्त हुआ। इस पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा की और धर्म ध्वजा को नमन किया। शोभायात्रा की दिव्यता और श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। भक्तिमय वातावरण में डूबे नगरवासियों ने भगवान के जयकारों से पूरे आकाश को गुंजायमान कर दिया। यह दृश्य हमारी सांस्कृतिक एकता और अटूट श्रद्धा का प्रतीक है।

### जतारा में निकली आकर्षक शोभायात्रा

नगर जतारा में श्री महावीर जयंती के पावन अवसर पर जतारा नगर में जैन समाज द्वारा भव्य एवं आकर्षक शोभायात्रा का आयोजन किया गया। यह शोभायात्रा जैन मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई रेस्टहाउस के नीचे पहुंचकर संपन्न हुई। शोभायात्रा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। बैंड-बाजों की मधुर धुन,डीजे की भक्ति संगीत लहरियों और सजे-धजे घोड़ों के साथ निकली इस यात्रा ने पूरे नगर को भक्तिमय माहौल में रंग दिया। जगह-जगह लोगों ने शोभायात्रा का स्वागत किया और भगवान महावीर के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। शोभा यात्रा में नगर के अनेक लोग शामिल हुए।

## एक बार फिर आया मौसम में बदलाव



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। एक बार फिर मौसम चदलने की स्थिति रही। आसमान में बादल छाने के साथ सूरज और बादलों के बीच लुकाछिपी बनी हुई है। जिस प्रकार मार्च और चैत्र महीने में बार-बार मौसम में बदलाव देखा जा रहा है, उसका सीधा असर फसलों की कटाई और थ्रेसिंग कार्य पर पड़ रहा है।**

चैत्र और मार्च का महीना चल रहा है, परन्तु जिस प्रकार सूरज की किरणें दोपहर में आज बरसा कर धरती हवाओं और जंगल के पत्थरों को गर्म कर रही है। उससे भारी गर्मी और उमस का परेशानियों भरा माहौल बन गया है। बिना पंखे, कुलर कुछ समय भी बिताना लोगों के लिए कठिन और परेशानियों भरा हो रहा है। जिस प्रकार बार-बार मौसम बदल रहा है। आसमान में बादल छा जाने की स्थिति बन रही है। उससे किसानों में फसलों की सुरक्षित कटाई की भारी चिंता का माहौल बना हुआ है। डिजल की कमी किल्लत के बीच फसल कटाई के लिए हार्वेस्टर मिलना कठिन हो रहा है। क्षेत्र के हजारों किसानों द्वारा गेंहू फसलों की कटाई हारवेस्टरों के द्वारा कराई जाती है। जिससे कम समय में गेंहू को कई एकड़ की फसल का गेंहू दाना सुरक्षित निकल आता है। किसानों द्वारा हारवेस्टरों की तलाश में खेतों खेत चक्कर लगा कर संपर्क किया जा रहा है। एक बार फिर मौसम चदलने की स्थिति रही।

आसमान में बादल छाने के साथ सूरज और बादलों के बीच लुकाछिपी बनी हुई है। जिस प्रकार मार्च और चैत्र महीने में बार-बार मौसम में बदलाव देखा जा रहा है, उसका सीधा असर फसलों की कटाई और थ्रेसिंग कार्य पर पड़ रहा है।

# मकान में आग लगने से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का पति झुलसा



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। दिगौड़ा कस्बे में मकान में भीषण आग लग गई। इस हादसे में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पुष्पा रैकवार के पति बली रैकवार गंभीर रूप से झुलस गए। उन्हें जिला अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।**

घटना दोपहर करीब 3 बजे किले के मैदान के पास स्थित पुष्पा रैकवार के मकान में हुई। जानकारी के अनुसार, बली रैकवार गैस सिलेंडर पर खाना बना रहे थे, तभी अचानक सिलेंडर में आग लग गई। आग बुझाने की कोशिश में बली रैकवार तेज लपटों की चपेट में आ गए और गंभीर रूप से झुलस गए। घटना के बाद घर में अफरा-तफरी मच गई। परिजन और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग तेजी से फैल चुकी थी। बाद में पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। आरक्षक रामकुमार, पायलट अभिषेक राय और एनआरएस आकाश अहिरवार ने 112 वाहन की मदद से घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसे झांसी रेफर किया गया। लिधौरा से पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस दौरान मकान में रखा पूरा घरेलू सामान जलकर राख हो गया।परिजनों के अनुसार, आग गैस सिलेंडर में लगने से फैली थी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। दिगौड़ा कस्बे में मकान में भीषण आग लग गई। इस हादसे में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पुष्पा रैकवार के पति बली रैकवार गंभीर रूप से झुलस गए। उन्हें जिला अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया।

## मौसम में आया बदलाव

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मार्च के आखिरी दिनों में एक बार फिर मौसम का मिजाज बदलने वाला है। उत्तर भारत में सक्रिय हो रहे नए पश्चिमी विक्षोभ का असर अब जिले में भी दिखाई देने लगा है।**

मौसम विभाग के अनुसार महीने के अंतिम सप्ताह में आसमान में बादलों का डेरा रहेगा और जिले के कुछ हिस्सों में हल्की वारिश या गरज-चमक की स्थिति बन सकती है। मार्च महीने में तेजी से बढ़ते तापमान पर बीते सप्ताह हुई बेमौसम बारिश, हल्की ओला वृष्टि ने कुछ हद तक ब्रेक लगाया था। गर्मी से राहत दे सकती है।

# कृषि विज्ञान केन्द्र में जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम




**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में कृषि विज्ञान केंद्र में मध्यप्रदेश शासन द्वारा उर्वरक वितरण की नई व्यवस्था ई-विकास प्रणाली के क्रियान्वयन के संबंध में जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि उर्वरक वितरण की ई-विकास प्रणाली एक अप्रैल से पूर्ण रूप से लागू कर दी जाएगी तथा पुरानी व्यवस्था को समाप्त कर दिया जाएगा। उन्होंने समस्त उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया कि वे इस नई प्रणाली को भली-भांति समझें एवं इसके सफल क्रियान्वयन में सक्रिय भूमिका निभाएं, जिससे किसानों को समय पर एवं पारदर्शी ढंग से उर्वरक उपलब्ध कराया जा सके। प्रशिक्षण के दौरान ई-विकास प्रणाली के माध्यम से उर्वरक वितरण की नई व्यवस्था पर प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तार से चर्चा की गई तथा उपस्थितजनों द्वारा उठाई गई समस्याओं का समाधान किया गया। प्रस्तुतिकरण सहायक संचालक कृषि दिनेश कुमार जाटव द्वारा दिया गया।

## जलगंगा संवर्धन कार्यक्रम को मिली गति

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।** कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशन में कार्यपालन यंत्री अनिल लगरखा के मार्गदर्शन में जलगंगा संवर्धन अभियान का कार्यक्रम का प्रभावी क्रियान्वयन किया गया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के द्वारा जल जीवन मिशन के तहत ग्राम महाराजपुरा में एकल जल प्रदाय योजना के अंतर्गत जहा नल कनेक्शनों मे टोटिया नहीं थी बहा टोटियो को लगाया गया। करीब 25 घरों मे टोटियों को लगाया गया। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत यह पहल ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के उद्देश से की गई है एवं ग्रामीणों को सलाह दी गई है की पानी भरते ही नल की टोटी बंद कर देना चाहिए, जिससे जल बर्बाद होने से रोका जा सके।

# दिगौड़ा थाना पुलिस की अवैध शराब पर कार्रवाई




**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। जिले में नशे के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई हेतु पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिला स्तरीय विशेष अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय मुखबिर तंत्र के माध्यम से अवैध मादक पदार्थों के विक्रय पर रोक लगाने एवं संलिप्त आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।**

इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाह एवं एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम के पर्यवेक्षण में थाना दिगौड़ा पुलिस द्वारा रात्रि में महत्वपूर्ण कार्रवाई की गई। मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने धामना तिगैला बस स्टैंड के पास घेराबंदी कर एक हुंडई सेंट्रो कार को पकड़ा, जिसमें से 7 पेटी अवैध देशी शराब, कुल लगभग 63 लीटर कीमत लगभग 28,000 रुपये बरामद की गई। कार्रवाई के दौरान आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। पुलिस द्वारा दो आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 74/26 के तहत धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी गई है। इस सराहनीय कार्रवाई में थाना प्रभारी दिगौड़ा निरीक्षक मनीष मिश्रा सहित पुलिस टीम के सदस्यों—प्रधान आरक्षक आनंद सुडेले, प्रधान आरक्षक राजीव रिछारिया, प्रधान आरक्षक विजय घोष , आरक्षक नीलू राजपूत, आरक्षक राघवेंद्र लोधी एवं आरक्षक शिवा चाहर की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस द्वारा नशे के विरुद्ध इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी, जिससे समाज में अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

# टीईटी शिक्षक पात्रता परीक्षा के विरोध में जमकर प्रदर्शन

**शिक्षकों की टीईटी परीक्षा से छूट देने की मांग**

**मांगों को लेकर प्रदर्शन कर सौंपा गया ज्ञापन**




**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। शिक्षकों ने टीईटी शिक्षक पात्रता परीक्षा के विरोध में प्रदर्शन किया। सिविल लाइन रोड स्थित सांसद डॉ. वीरेंद्र कुमार के बंगले के बाहर एकत्र हुए शिक्षकों ने सांसद प्रतिनिधि अनुराग वर्मा को एक ज्ञापन सौंपा। इसमें व्यापम के माध्यम से चयनित शिक्षकों को टीईटी परीक्षा से छूट देने की मांग की गई।**

शिक्षकों ने ज्ञापन के माध्यम से टीईटी परीक्षा को रोकने की अपील की। उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय और भारत सरकार से पुनर्विचार याचिकाएं लगाकर सभी शिक्षकों को टीईटी से मुक्त रखने की मांग की।इस अवसर पर संभागीय सचिव बुद्ध सागर सिंह ने बताया कि वर्ष 2005 से मध्य प्रदेश में व्यापम के माध्यम से शिक्षकों की भर्ती की गई थी। व्यापम भर्ती परीक्षा शिक्षकों की पात्रता को ध्यान में रखकर ही आयोजित की गई थी। ऐसे में, जो शिक्षक व्यापम चयन प्रक्रिया से भर्ती हुए हैं, उन्हें टीईटी परीक्षा से अलग रखा जाना चाहिए।उन्होंने आगे कहा कि कई शिक्षक 55 वर्ष की आयु पूरी कर चुके हैं। अब उन्हें टीईटी परीक्षा में शामिल करना न्यायसंगत नहीं है। ऐसे शिक्षकों को प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाना चाहिए। शिक्षकों ने सांसद से केंद्र सरकार को उनकी समस्याओं से अवगत कराने का भी आग्रह किया।

ज्ञापन सौंपने वालों में जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार नापित, संभागीय सचिव बुद्ध सागर सिंह, जिला संगठन मंत्री जगदीश दुबे, रवि यादव, विवेक यादव, सुरेंद्र कुमार स्वर्णकार, नरेंद्र कुमार नरवरिया, रोहित मिश्रा, रक्ष्यपाल सिंह, मुकेशसेन, सुनील तिवारी, अर्चना दीक्षित, नीलपा द्विवेदी, सविता जैन, पुष्प जैन, पूनम सोनी, सीमा जैन, प्रताप सिंह और सरोज सोनी सहित कई अन्य शिक्षक मौजूद रहे। शिक्षकों ने टीईटी शिक्षक पात्रता परीक्षा के विरोध में प्रदर्शन किया। सिविल लाइन रोड स्थित सांसद डॉ. वीरेंद्र कुमार के बंगले के बाहर एकत्र हुए शिक्षकों ने सांसद प्रतिनिधि अनुराग वर्मा को एक ज्ञापन सौंपा। इसमें व्यापम के माध्यम से चयनित शिक्षकों को टीईटी परीक्षा से छूट देने की मांग की गई।

**धांधली** | **पनडुब्बी की मदद से रोजाना निकल रही रेत**

# मोहनगढ़ क्षेत्र की बारगी नदी पर हो रहा रेत का अवैध उत्खनन



**नवभारत न्यूज, मोहनगढ़। वैसे तो जिले में अवैध रेत के उत्खनन एवं परिवहन पर रोक लगी है,लेकिन मोहनगढ़ तहसील की प्रशासनिक व्यवस्था में सुराख होने की वजह से यहां पर जगह जगह अवैध रेत का कारोबार चल रहा है। अवैध रेत के कारोबारी इस वक्त नदी नालों के साथ वनविभाग को छलनी करने में लगे है। बताया गया कि बीते कुछ दिनों से बम्होरी मोहनगढ़ मार्ग के बीच में राजनगर गांव के पास से निकाली बारगी नदी के डोडा घाट के पास अवैध रेत का कारोबार जमकर फल फूल रहा है। यहां पनडुब्बी की मदद से रोजाना सैकड़ों ट्राली अवैध रेत का उत्खनन किया जा रहा है और कोई रोक टोक करने वाला नहीं है। आरोप है कि रेत माफिया किसानों के खेतों से भारी लोड वाहन निकाल रहे है जिससे खेतों की मिट्टी की उर्वरा शक्ति खत्म हो रही है तो वही पर्यावरण को भी खासा नुकसान हो रहा है।**

जानकारी के अनुसार आज के दौर में धनी आदमी बनने के लिए अवैध कारोबारों की शरण लेना अक्सर देखा जाता है। बालू बेचना सबसे सरल धंधा है जैसे-जैसे इसकी कमी हो रही है यह धंधा और अधिक मुनाफे वाला हो गया है मोहनगढ़ क्षेत्र में चाहे जामनी नदी हो या फिर बरगी सभी जगह अवैध रेत का कारोबार फल फूल रहा है।

माफिया नदी के अंदर की रेत निकालने के लिए नए-नए जुगाड़ लगाते रहते हैं. कुछ लोग नाव लेकर नदी के बीच में पहुंचते हैं और नदी में कम पानी वाली जगह पर मानव श्रम से रेत निकलवाते हैं, तो कुछ माफिया पनडुब्बी की मदद ले रहे है। रेत निकलने का अब एक और तरीका अपनाया जा रहा है भी है जिसे पनडुब्बी यह हाई-फाई मशीन के नाम से जाना जाता है. यह पनडुब्बी या हाई-फाई मशीन एक बड़ा मैकेनिक जुगाड़ है. इसमें एक बड़ी सी नाव के ऊपर ट्रक का पुराना इंजन रखा जाता है और एक बहुत बड़ा पंप इस इंजन से जोड़ दिया जाता है. फिर एक लगभग 6 इंची पाइप नदी के तल तक जाता है, जहां से पाइप रेत और पानी को एक साथ खींचता है और एक लंबे से पाइप के जरिए नदी के अंदर की बालू निकालकर घाट पर गिर जाती है. नाव धीरे-धीरे अपनी जगह बदलती रहती है और नदी के अंदर से तब तक रेत निकाली जाती है जब तक मिट्टी न आने लगे. इससे जलीय जीवों को भी भारी नुकसान होता है।

### अधिकारी नहीं दे रहे इस ओर ध्यान

अवैध रेत के कारोबारी इस वक्त नदी नालों के साथ वनविभाग को छलनी करने में लगे है। बताया गया कि बीते कुछ दिनों से बारगी नदी के डोडा घाट के पास अवैध रेत का कारोबार जमकर फल फूल रहा है। यहां पनडुब्बी की मदद से रोजाना सैकड़ों ट्राली अवैध रेत का उत्खनन किया जा रहा है और कोई रोक टोक करने वाला नहीं है।

## कृषकों की आय दोगुनी करने पर चर्चा

**नवभारत न्यूज,टीकमगढ़। उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग जिला , द्वारा किसान कल्याण वर्ष 2025-26 के तहत एकीकृत बागवानी विकास मिशन अंतर्गत जिले में दो दिवसीय जिला स्तरीय कृषक सेमिनार, कान्फ्रेंस एवं किसान मेला का समापन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. डीएस तोमर अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। डॉ. तोमर द्वारा उद्यानिकी से कृषकों को दोगुनी आय विषय पर जानकारी दी गई।**

डॉ.बीएस किरार की। वैज्ञानिक डॉ. एमके नायक डॉ.एसके सिंह, एवं डॉ. एसके जाटव द्वारा उद्यानिकी फसलों की तकनीकी उत्पादन एवं आय में उद्यानिकी फसलों के महत्व की विस्तृत जानकारी दी।

## शहर में डेयरी उत्पाद निर्माण इकाई स्थापित




**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना योजना के अंतर्गत जिले के उद्यमियों को खाद्य प्रसंस्करण इकाइयाँ स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी क्रम में चकरा तिगैला निवासी संदीप सिंह घोष ने डेयरी उत्पाद निर्माण इकाई स्थापित कर आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है।**

पूर्व में संदीप सिंह घोष पारंपरिक तरीके से दूध उत्पादन कर उसे स्थानीय बाजार में बेचते थे, जिससे उन्हें सीमित आय प्राप्त होती थी। उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग से पीएमएफएमई योजना की जानकारी मिलने पर उन्होंने डेयरी उत्पाद प्रसंस्करण इकाई स्थापित करने के लिए आवेदन किया। संदीप सिंह घोष ने बताया कि योजना के अंतर्गत उन्हें परियोजना लागत पर 35 प्रतिशत अनुदान का लाभ प्राप्त हुआ। उन्होंने बताया कि इकाई स्थापित कर वर्तमान में दूध से दही, पनीर, घी, विभिन्न प्रकार की मिठाईयां तथा अन्य डेयरी उत्पाद तैयार कर स्थानीय बाजार में विक्रय कर रहे हैं।